


# सामूहिक योगाभ्यास से गूंजा भोपाल

## इस बार 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' और 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी थीम

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 21 जून. 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को शहरभर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा. विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने भाग लेकर योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया.**

इस वर्ष योग की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' और 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी. नागरिकों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, अधिकारियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही.

टीटी नगर स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ. आयोजन में खिलाड़ियों, युवाओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया, इसके बाद सामूहिक योगाभ्यास किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कृष्णा गौर रहीं. साथ ही अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन और उपस्थित रहे. कृष्णा गौर ने कहा कि योग भारत की पहचान है और इसे रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाना चाहिए. मध्यप्रदेश सिंधु भवन में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने भी उत्साह से भाग लिया. विधायक भगवानदास सबनानी ने योग को शरीर और मन के संतुलन का सरल माध्यम बताया. संस्था के सचिव उदय ने कहा कि थोड़े मार्गदर्शन से दृष्टिबाधित बच्चों को भी योग सिखाया जा सकता है और उन्हें समान अवसर मिलना चाहिए. एमसीयू के माखनपुरम परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. डॉ. देवेंद्र शर्मा ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाए. शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया. कुलसचिव ने नियमित योग को स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया.

### बोट क्लब के खूबसूरत नजारों के बीच हुआ योग



बड़ी संख्या में लोगों ने झील के किनारे सामूहिक योगाभ्यास किया .कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने मौजूद लोगों को संबोधित किया और खुद भी योग सत्र में हिस्सा लिया .शांत वातावरण और प्राकृतिक सुंदरता के बीच लोगों ने स्वस्थ जीवन का संदेश दिया .

### शौर्य स्मारक में कैडेट्स का योग



शौर्य स्मारक में लगभग 1000 एनसीसी कैडेट्स और अधिकारियों ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान किया .कार्यक्रम में अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल रहा .

### योगाभ्यास से स्वास्थ्य संदेश



आसरा वृद्धाश्रम, आंचलिक विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय गतिविधियों के साथ योग जागरूकता बढ़ाई गई .पश्चिम मध्य रेल मंडल, भोज मुक्त विश्वविद्यालय और विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया .कई जगह प्रदर्शनी, कार्यशाला और सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य संदेश दिया गया .

### स्वास्थ्य और शिक्षण संस्थानों में आयोजन



गांधी मेडिकल कॉलेज, हमीदिया अस्पताल, एम्स भोपाल, भोज मुक्त विश्वविद्यालय और खेल प्राधिकरण केंद्र में भी बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया .

### बीएचईएल और संस्थानों में पहल



बीएचईएल में योगाभ्यास के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. पुलिस लाइन, देहात पुलिस, संचालनालय लोक अभियोजन, एलएचओ और भाभा विश्वविद्यालय में भी सामूहिक योग हुआ .

### एक नजर में



#### विजयदत्त श्रीधर को डी .लिट् की मानद् उपाधि

**भोपाल.** पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को संजोने और उसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की एकनिष्ठ साधना में संलग्न देश के वरिष्ठ पत्रकार एवं सप्रे संग्रहालय के संस्थापक निदेशक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर द्वारा डी. लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई है. उन्हें यह उपधि रविवार को जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने प्रदान की. इसके पूर्व श्रीधर को पद्मश्री सहित अनेकों सम्मान प्राप्त हो चुके हैं .उनके कृतित्व पर अब तक दो पीएचडी की जा चुकी हैं.

#### शिष्टाचार पर कार्यशाला आयोजित

**भोपाल.** अभियांत्रिकी संकाय द्वारा आर .के. मेमोरियल हॉल में बी .टेक. षष्ठम सेमेस्टर मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए 'कार्यालय के वातावरण में औपचारिक संचार और सामान्य शिष्टाचार' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया .कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. योगिता यश रावत ने विद्यार्थियों को कार्यालयीन वातावरण में प्रभावी संवाद कौशल, व्यावसायिक व्यवहार, व्यक्तित्व विकास तथा सामान्य शिष्टाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं. उन्होंने विद्यार्थियों के एटीट्यूड, प्रोफेशनल स्किल्स और ग्रूमिंग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि सफल पेशेवर जीवन के लिए इन गुणों का विशेष महत्व है.

### नगर में आज

| शलाका चित्र प्रदर्शनी | कोहबर चित्र प्रदर्शनी |
|---|---|
| समय-दोपहर 12 बजे से | समय-दोपहर 12 बजे से |
| स्थान-जनजातीय संग्रहालय | स्थान-जनजातीय संग्रहालय |

## जनजातीय नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 21 जून.** मप्र जनजातीय संग्रहालय में आयोजित 'संभावना' गतिविधि के तहत रविवार को नृत्य,गायन और वादन पर केंद्रित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं.इस अवसर पर मांडू के श्री कृष्णा मालीवाड़ एवं उनके साथियों ने भील जनजाति का प्रसिद्ध भगोरिया नृत्य प्रस्तुत किया. वहीं दमोह के घूमन प्रसाद पटेल एवं दल ने बुंदेलखंड का पारंपरिक कानड़ा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया.



भगोरिया नृत्य में रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे युवक-युवतियों ने पारंपरिक अंदाज में नृत्य किया.इस नृत्य की खास बात इसकी समूह संरचना और आकर्षक मुद्राएं रहीं.दूसरी ओर, कानड़ा नृत्य में कलाकारों ने गीत-संगीत के साथ प्रस्तुति दी.इसमें मुख्य गायक ने तत्काल रचना कर लोक परंपरा की झलक दिखाई. संग्रहालय में हर रविवार दोपहर 2 बजे आयोजित होने वाली 'संभावना' गतिविधि के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न जनजातियों और लोकांचलों की कला परंपराओं को देखने और समझने का अवसर मिलता है.

## श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

**भोपाल,21जून. वर्धमान नगर स्थित श्री महावीर जैन मंदिर, दाता कॉलोनी में रविवार को ध्वजारोहण के साथ आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर जिनालय से गाजे-बाजे के साथ भव्य घट-कलश यात्रा निकाली गई.**



प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि धर्म ध्वजा के साथ महिलाओं ने मस्तक पर कलश एवं हाथों में अष्ट द्रव्य लेकर प्रभु भक्ति के भजन गाते हुए यात्रा में सहभागिता की. विधान के पुण्यार्जक परिवार मालती जैन की स्मृति में स्व. अनोखीलाल जैन कठनेरा परिवार हैं. कार्यक्रम में धर्म इंद्र सविता नवीन एवं दिगंबर दीक्षा चंदना द्वारा प्रमुख धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई गईं. कलश यात्रा के पश्चात देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, मंडप शुद्धि एवं पात्र शुद्धि सहित विभिन्न धार्मिक विधि-विधान संपन्न हुए। शाम को महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. आठ दिवसीय अनुष्ठान का समापन 28 जून को होगा. कार्यक्रम में मनोज बांगा, आदिश जैन, विनोद एमपीटी, महावीर जैन, विजय जैन, प्रमोद जैन, विकास जैन, निखिलेश जैन, वीरेंद्र जैन, सुनीता जैन, नमिता जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

## पारंपरिक जनजातीय शिल्प को लगा आधुनिक डिजाइन का तड़का

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 21 जून. पारंपरिक शिल्पकला जब आधुनिक डिजाइन के साथ मिलती है, तो बाजार और आजीविका के नए रास्तों का निर्माण होता है. कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों भोपाल में चल रहे 'आदिरंग शिल्पकार महोत्सव 2026' में देखने को मिल रहा है.**



राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मप्र और जनजातीय कार्य विभाग की संस्था 'वन्या' के इस संयुक्त आयोजन के दूसरे और तीसरे दिन जनजातीय शिल्पकारों के लिए 'डिजाइन हस्तक्षेप' की विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं. जिसमें शिल्पकारों ने विशेषज्ञों की देखरेख में नए उत्पाद विकसित करने की लाइव कसरत की. इस कार्यशाला में शिल्पकारों ने एनआईडी एमपी की फैकल्टी श्रुति निगम, लुबना सैफी, अदिति शर्मा और जिज्ञासा आर्या के मार्गदर्शन में पारंपरिक शिल्पकला को नए रूप में प्रस्तुत करने पर काम किया। इस दौरान शिल्पकारों ने उत्पाद विकास, डिजाइन, उपयोगिता, बेहतर प्रेजेंटेशन और मार्केट ट्रेंड्स को समझने जैसी बारीकियों पर फोकस किया।

## संजोग की तूफानी पारी से जबलपुर की जीत

▸ **ग्वालियर चीता की उम्मीदें बरकरार**

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 21 जून. होलकर स्टेडियम इंदौर में रविवार को एमपीएल टी 20 के रोमांचक मुकाबले में जबलपुर रॉयल लायंस ने ग्वालियर चीता को तीन विकेट से हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर चीता ने 20 ओवर में 185 रन बनाए.**

कुलदीप गेही ने 39 गेंदों में 57 रन की शानदार पारी खेली, जबकि पार्थ चौधरी ने 23 गेंदों में 39 रन और कप्तान रजत पाटीदार ने 37 रन जोड़े. आखिर में अर्पित पटेल ने नाबाद 21 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया.

जवाब में जबलपुर की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन संजोग निज्जर ने 30 गेंदों में नाबाद 66 रन की विस्फोटक पारी खेलकर मैच का रुख बदल दिया. आकाश सिंह परिहार ने 30 और वेदांत अवस्थी ने 27 रन का योगदान दिया. जबलपुर ने 19.4 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. संजोग निज्जर को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया. हार के बावजूद ग्वालियर चीता की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी भी कायम हैं.

**परोपकार** | **महेश नवमी पर्व के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन**

## माहेश्वरी समाज के 92 लोगों ने किया रक्तदान

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 21 जून. महेश नवमी पर्व के उपलक्ष्य में जिला माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में समाजजनों ने सेवा और मानवता का परिचय देते हुए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया.**




रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित इस शिविर में कुल 92 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता का संकल्प लिया. शिविर का आयोजन संयोजक गोपाल बजाज के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि रक्तदान की संपूर्ण प्रक्रिया रेड क्रॉस अस्पताल के डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई. डॉ. दीपशिखा ने बताया कि रक्तदान को लेकर समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला. युवा वर्ग के साथ-साथ 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई.

रक्तदाता शिवम माहेश्वरी ने रक्तदान के बाद कहा कि इस कार्य से उन्हें आत्मिक संतोष मिला है. वहीं पहली बार रक्तदान करने वाले आशुतोष काबरा ने इसे यादगार अनुभव बताते हुए युवाओं से आगे आने की अपील की. संयोजक गोपाल बजाज ने बताया कि कुछ इच्छुक लोग निर्धारित स्वास्थ्य मानकों को पूरा नहीं कर सके, इसलिए उनका रक्त नहीं लिया गया. आयोजकों ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए नियमित रक्तदान का संदेश दिया.

### मोटर स्पोर्ट्स में मोमिना ने हासिल किया पहला स्थान

**भोपाल, 21 जून.** आरपीएम गो कार्टिंग सर्किट में चल रही रेव कार्टिंग चैंपियनशिप 2026 में महिला वर्ग की रेस ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा. ओपन वुमेंस क्लास की क्वालिफाइंग रेस में मोमिना मुजाहिद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया. उन्होंने 2 मिनट 58.50 सेकंड का समय निकालकर बाकी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दिया. क्वालिफाइंग रेस में रिशिता मीना ने 3 मिनट 00.12 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया. वहीं खुशी विश्वकर्मा 3 मिनट 20.75 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं.

## साहिल चौधरी ने जीता कांस्य पदक



**भोपाल, 21 जून.** भोपाल के निशानेबाज साहिल चौधरी ने जर्मनी के सुहल में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है. 16 से 26 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में भारतीय टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया. मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी साहिल चौधरी इस टीम का हिस्सा रहे और शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई.